(71)

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022..1540..... **पटना, दिनांकः**– 16/02/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 338–। दिनांक 08.09.2022 द्वारा श्री रत्नेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01751) के विरूद्ध दिनांक 22.08.2022 से बिना सूचना के शिविर कार्यालय से अनुपस्थित है एवं शिविर कार्यालय की चाभी इनके पास रहने के कारण शिविर कार्यालय का कार्य बाधित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए आरोप पत्र गठित कर भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 2626 दिनांक 23.09.2022 द्वारा आरोपित से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पश्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित से समर्पित स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि आरोपित द्वारा इनपर लगाए गए आरोप के संबंध में यह स्वीकार किया गया है कि शिविर कार्यालय की एक चाभी इनके पास रहती है। मानसिक एवं शारीरिक स्थिति खराब रहने के कारण चाभी कार्यालय में नहीं पहुँचा पाया। साथ ही अज्ञानतावश किए गए भूल के लिए क्षमायाचना करते हुए भविष्य में ऐसी भूल नहीं करने का आश्वासन दिया गया है।

अतः आरोपित द्वारा किए गए क्षमायाचना एवं दिए गए आश्वासन के दृष्टिगत तत्काल श्री रत्नेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01751) का 01 (एक) माह के मानदेय की कटौती की जाती है। यदि इसकी पुनरावृत्ति भविष्य में की जाएगी, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022..1540..... **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023
प्रतिलिपि :– श्री रत्नेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01751), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022..1540..... **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023
प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022..1540..... **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023
प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप